मूल्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली

04

# मूल्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली

# मूल्य एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली

## मुख्य बिन्दु

- राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत नवंबर, 2020 की स्थिति में शहरी क्षेत्र में 1,302 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 11,149 कुल 12,451 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं।

- वर्तमान में 67,11,118 परिवारों को राशन कार्ड जारी किए गए हैं।

- वर्ष 2020–21 में धान (सामान्य) एवं धान (ग्रेड–ए) के समर्थन मूल्य क्रमशः 1,868 एवं 1,888 केन्द्र सरकार द्वारा घोषित।

- खरीफ वर्ष 2019–20 में 18.38 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर 83.95 लाख टन धान की खरीदी की गई थी।

- इस खरीफ वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 21.48 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है।

**4.1 मूल्यः**— आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में परिवर्तन का समाज के प्रत्येक वर्ग पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। विक्रेता के दृष्टिकोण से, एक प्रभावी क़ीमत वह मूल्य है जो उस अधिकतम के बहुत निकट है, जितना ग्राहक भुगतान करने के लिए तैयार हैं। आर्थिक संदर्भ में, यह वही मूल्य है जो उपभोक्ता के अधिकांश अधिशेष को निर्माता को अंतरित करता है। अर्थव्यवस्था में उपभोग व्यय के समूह में शामिल प्रतिनिधि वस्तुओं के मूल्य में परिवर्तन का अनुमान लगाने हेतु मूल्य सूचकांक एक महत्वपूर्ण उपकरण है। यह आर्थिक योजना की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण सूचकांक है। जहां उपभोक्ता मूल्य सूचकांक खुदरा विक्रेता के परिप्रेक्ष्य में व्यक्तिगत आधार पर उत्पन्न वास्तविक मुद्रा स्फीति को दर्शाता है। वहीं थोक मूल्य सूचकांक थोक मूल्यों में परिवर्तन को दर्शाने वाला प्राथमिक मापक है।

**4.1.1 भारत में मूल्य स्थितिः**—केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय, भारत सरकार द्वारा प्रत्येक माह सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदशों के ग्रामीण, नगरीय एवं संयुक्त क्षेत्रों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार वर्ष 2012) जारी किया जाता है। छत्तीसगढ़ का औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक नवम्बर 2019 में 146.1, 146.5 एवं 146.3 क्रमशः ग्रामीण, नगरीय एवं संयुक्त क्षेत्र के लिए था जो नवम्बर 2020 में 161.0, 156.2 एवं 159.1 क्रमशः ग्रामीण, नगरीय एवं संयुक्त क्षेत्र के लिए हो गया। नवम्बर 2019 के लिए भारत की सामान्य उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 149.9, 147.0 एवं 148.6 क्रमशः ग्रामीण, नगरीय एवं संयुक्त क्षेत्र के लिए था जो नवम्बर 2020 में 160.7, 156.9 एवं 158.9 क्रमशः ग्रामीण, नगरीय एवं संयुक्त क्षेत्र के लिए हो गया।

**तालिका 4.1 उपभोक्ता मूल्य सूचकॉक**

| भारत /राज्य | नवम्बर –2019 | | | नवम्बर –2020 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त | ग्रामीण | नगरीय | संयुक्त |
| भारत | 149.9 | 147.0 | 148.6 | 160.7 | 156.9 | 158.9 |
| छ.ग. | 146.1 | 146.5 | 146.3 | 161.0 | 156.2 | 159.1 |

source : www.mospi.gov.in

## उपभोक्ता मूल्य सूचकांक निमार्ण–सीएसओ (आधार वर्ष 2012) – भारत

परिशिष्ट 4.1

| माह | खाद्य एवं पेय | | | मदक द्रव्य | | | कपड़े एवं जूते | | | भवन नि. | | ईंधन एवं प्रकाश | | | विविध | | | सामान्य सूची | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रा. | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी . | ग्रा. | श. | सभी. |
| Jan-18 | 140.4 | 137.2 | 139.2 | 153.6 | 157.7 | 154.7 | 147.5 | 134.4 | 142.3 | 140.4 | 140.4 | 142.3 | 127.3 | 136.6 | 132.3 | 125.8 | 129.1 | 139.3 | 134.1 | 136.9 |
| Feb-18 | 138.7 | 135.6 | 137.6 | 153.3 | 159.3 | 154.9 | 147.8 | 134.7 | 142.6 | 141.3 | 141.3 | 142.4 | 127.3 | 136.7 | 132.5 | 126.5 | 129.6 | 138.5 | 134.0 | 136.4 |
| Mar-18 | 138.6 | 134.8 | 137.2 | 155.1 | 159.7 | 156.3 | 148.3 | 135.2 | 143.1 | 142.0 | 142.0 | 142.6 | 126.4 | 136.5 | 133.3 | 127.1 | 130.3 | 138.7 | 134.0 | 136.5 |
| Apr-18 | 138.6 | 135.7 | 137.5 | 156.1 | 159.2 | 156.9 | 149.1 | 136.2 | 144.0 | 142.9 | 142.9 | 143.8 | 124.6 | 136.5 | 134.2 | 128.2 | 131.3 | 139.1 | 134.8 | 137.1 |
| May-18 | 139.1 | 136.4 | 138.1 | 157.0 | 160.3 | 157.9 | 149.8 | 137.0 | 144.7 | 143.2 | 143.2 | 144.3 | 124.7 | 136.9 | 135.1 | 128.9 | 132.1 | 139.8 | 135.4 | 137.8 |
| Jun-18 | 140.0 | 138.4 | 139.4 | 157.3 | 161.0 | 158.3 | 150.3 | 137.4 | 145.2 | 142.5 | 142.5 | 145.1 | 126.5 | 138.1 | 135.6 | 129.5 | 132.6 | 140.5 | 136.2 | 138.5 |
| Jul-18 | 142.0 | 140.3 | 141.4 | 156.1 | 161.4 | 157.5 | 150.6 | 137.9 | 145.6 | 143.6 | 143.6 | 146.8 | 128.1 | 139.7 | 136.0 | 130.2 | 133.2 | 141.8 | 137.5 | 139.8 |
| Aug-18 | 142.7 | 140.1 | 141.7 | 156.4 | 162.1 | 157.9 | 151.3 | 138.3 | 146.1 | 144.6 | 144.6 | 147.7 | 129.8 | 140.9 | 136.6 | 131.0 | 133.9 | 142.5 | 138.0 | 140.4 |
| Sep-18 | 141.3 | 138.9 | 140.4 | 157.7 | 163.3 | 159.2 | 151.3 | 139.1 | 146.5 | 145.3 | 145.3 | 149.0 | 131.2 | 142.3 | 137.4 | 131.9 | 134.7 | 142.1 | 138.1 | 140.2 |
| Oct-18 | 140.2 | 139.4 | 139.9 | 159.6 | 164.0 | 160.8 | 149.8 | 139.7 | 145.8 | 146.3 | 146.3 | 149.7 | 133.4 | 143.5 | 139.8 | 132.5 | 136.3 | 142.2 | 138.9 | 140.7 |
| Nov-18 | 140.0 | 139.1 | 139.7 | 161.9 | 164.4 | 162.6 | 150.8 | 140.5 | 146.7 | 146.9 | 146.9 | 150.3 | 136.7 | 145.1 | 140.1 | 132.2 | 136.3 | 142.4 | 139.0 | 140.8 |
| Dec-18 | 138.8 | 137.6 | 138.4 | 162.5 | 164.6 | 163.1 | 151.0 | 140.8 | 147.0 | 146.5 | 146.5 | 149.2 | 132.4 | 142.8 | 141.8 | 131.7 | 136.9 | 142.1 | 138.0 | 140.2 |
| Jan-19 | 137.2 | 138.0 | 137.5 | 162.8 | 164.9 | 163.4 | 149.9 | 141.4 | 146.5 | 148.5 | 148.5 | 145.3 | 127.1 | 138.4 | 142.2 | 132.4 | 137.4 | 141.0 | 138.6 | 139.9 |
| Feb-19 | 137.5 | 137.3 | 137.4 | 162.9 | 164.7 | 163.4 | 150.0 | 141.1 | 146.5 | 147.7 | 147.7 | 146.3 | 128.6 | 139.6 | 141.7 | 131.8 | 136.9 | 141.1 | 138.0 | 139.7 |
| Mar-19 | 137.3 | 139.6 | 138.1 | 162.9 | 165.3 | 163.5 | 150.2 | 141.6 | 146.8 | 149.0 | 149.0 | 146.5 | 128.8 | 139.8 | 142.4 | 132.8 | 137.7 | 141.2 | 139.5 | 140.4 |
| Apr-19 | 138.0 | 141.7 | 139.4 | 162.9 | 165.7 | 163.6 | 150.2 | 142.0 | 146.9 | 149.7 | 149.7 | 146.6 | 129.1 | 140.0 | 142.6 | 133.1 | 138.0 | 141.7 | 140.5 | 141.1 |
| May-19 | 139.2 | 143.8 | 140.9 | 163.3 | 166.2 | 164.1 | 150.7 | 142.2 | 147.3 | 150.1 | 150.1 | 146.9 | 129.4 | 140.3 | 142.9 | 133.3 | 138.2 | 142.4 | 141.5 | 142.0 |
| Jun-19 | 139.2 | 143.8 | 140.9 | 163.3 | 166.2 | 164.1 | 150.7 | 142.2 | 147.3 | 150.1 | 150.1 | 146.9 | 129.4 | 140.3 | 142.9 | 133.3 | 138.2 | 142.4 | 141.5 | 142.0 |
| Jul-19 | 143.0 | 147.7 | 144.7 | 164.5 | 167.2 | 165.2 | 151.0 | 143.5 | 148.0 | 150.6 | 150.6 | 146.6 | 127.0 | 139.2 | 144.1 | 134.5 | 139.4 | 144.9 | 143.3 | 144.2 |
| Aug-19 | 144.0 | 149.1 | 145.9 | 165.1 | 167.9 | 165.8 | 151.1 | 143.0 | 147.9 | 151.6 | 151.6 | 146.4 | 125.5 | 138.5 | 144.9 | 135.3 | 140.2 | 145.6 | 144.2 | 144.9 |
| Sep-19 | 145.5 | 149.5 | 147.0 | 165.7 | 168.6 | 166.5 | 151.0 | 143.3 | 147.9 | 152.2 | 152.2 | 146.9 | 126.6 | 139.2 | 145.4 | 135.7 | 140.7 | 146.7 | 144.7 | 145.8 |
| Oct-19 | 148.3 | 151.9 | 149.6 | 166.3 | 169.3 | 167.1 | 151.0 | 143.9 | 148.2 | 153.0 | 153.0 | 147.7 | 128.9 | 140.6 | 145.7 | 136.0 | 141.0 | 148.3 | 146.0 | 147.2 |
| Nov-19 | 150.6 | 153.6 | 151.8 | 167.2 | 169.9 | 167.9 | 151.5 | 144.2 | 148.6 | 148.6 | 153.5 | 148.4 | 132.2 | 142.3 | 146.1 | 136.3 | 141.3 | 149.9 | 147.0 | 148.6 |
| Jan-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Feb-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Mar-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Apr-20 | 152.8 | 156.1 | 154.0 | 171.1 | 179.1 | 173.2 | 153.1 | 150.4 | 152.0 | 155.6 | 155.6 | 148.4 | 137.1 | 144.1 | 148.4 | 142.5 | 145.5 | 151.9 | 150.9 | 151.4 |
| May-20 | 151.4 | 154.8 | 152.7 | 171.2 | 183.4 | 174.4 | 153.2 | 150.8 | 152.3 | 155.6 | 155.6 | 146.4 | 136.2 | 142.5 | 149.2 | 143.0 | 146.2 | 151.2 | 150.6 | 150.9 |
| Jun-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jul-20 | 163.3 | 151.9 | 149.6 | 166.3 | 169.3 | 167.1 | 151.0 | 143.9 | 148.2 | 153.0 | 153.0 | 147.7 | 128.9 | 140.6 | 145.7 | 136.0 | 141.0 | 148.3 | 146.0 | 147.2 |
| Aug-20 | 156.1 | 161.3 | 158.0 | 158.0 | 182.9 | 188.7 | 184.4 | 154.6 | 148.1 | 152.0 | 156.3 | 156.3 | 146.4 | 137.2 | 142.9 | 153.7 | 146.0 | 150.0 | 155.7 | 161.6 |
| Sep-20 | 159.6 | 164.4 | 161.4 | 182.7 | 188.7 | 184.3 | 155.0 | 148.3 | 152.3 | 156.5 | 156.5 | 146.8 | 137.1 | 143.1 | 154.3 | 146.2 | 150.4 | 157.5 | 1155.2 | 156.4 |
| Oct-20 | 148.3 | 151.9 | 149.6 | 166.3 | 169.3 | 167.1 | 151.0 | 143.9 | 148.2 | 153.0 | 153.0 | 147.7 | 128.9 | 140.6 | 145.7 | 136.0 | 141.0 | 148.3 | 146.0 | 147.2 |
| Nov-20 | 164.5 | 167.0 | 165.4 | 183.6 | 190.2 | 185.4 | 156.3 | 149.6 | 153.6 | 158.4 | 158.4 | 148.7 | 137.4 | 144.6 | 155.2 | 146.9 | 151.2 | 160.7 | 156.9 | 158.9 |
| Dec-20 | 159.6 | 163.4 | 161.0 | 184.6 | 192.1 | 186.6 | 156.8 | 150.2 | 154.2 | 157.7 | 157.7 | 151.1 | 147.8 | 148.0 | 155.9 | 147.6 | 151.9 | 158.5 | 156.0 | 157.3 |

source : www.mospi.gov.in

## उपभोक्ता मूल्य सूचकांक निमार्ण–सीएसओ (आधार वर्ष 2012) –छत्तीसगढ़

परिशिष्ट 4.2

| माह | खाद्य एवं पेय | | | मदक द्रव्य | | | कपड़े एवं जूते | | | भवन नि. | | ईधन एवं प्रकाश | | | विविध | | | सामान्य सूची | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग्रा. | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी | ग्रा. | श. | सभी . | ग्रा. | श. | सभी. |
| Jan-18 | 135.2 | 129.0 | 133.4 | 157.6 | 138.9 | 152.4 | 154.9 | 154.2 | 154.7 | 147.0 | 147.0 | 156.9 | 143.0 | 152.9 | 139.1 | 124.0 | 132.6 | 140.8 | 134.0 | 138.2 |
| Feb-18 | 134.2 | 126.4 | 131.9 | 155.6 | 140.5 | 151.4 | 155.3 | 154.5 | 155.0 | 146.8 | 146.8 | 158.0 | 142.0 | 153.4 | 139.0 | 124.5 | 132.8 | 140.3 | 133.2 | 137.6 |
| Mar-18 | 133.0 | 125.6 | 130.8 | 155.9 | 142.9 | 152.3 | 155.8 | 155.0 | 155.5 | 148.6 | 148.6 | 156.9 | 145.6 | 153.6 | 138.5 | 125.1 | 132.7 | 139.5 | 133.8 | 137.3 |
| Apr-18 | 132.2 | 125.7 | 130.3 | 154.3 | 143.1 | 151.2 | 156.2 | 156.6 | 156.3 | 149.8 | 149.8 | 158.8 | 146.5 | 155.2 | 139.3 | 126.6 | 133.8 | 139.4 | 134.6 | 137.5 |
| May-18 | 132.9 | 126.8 | 131.1 | 156.6 | 144.1 | 153.1 | 156.6 | 157.5 | 156.9 | 149.7 | 149.7 | 160.7 | 146.8 | 156.7 | 140.5 | 127.7 | 135.0 | 140.4 | 135.4 | 138.5 |
| Jun-18 | 135.2 | 130.2 | 133.7 | 156.4 | 144.6 | 153.1 | 157.6 | 157.1 | 157.4 | 149.4 | 149.4 | 160.7 | 148.1 | 157.1 | 142.1 | 128.8 | 136.4 | 142.1 | 136.9 | 140.1 |
| Jul-18 | 139.0 | 134.4 | 137.6 | 156.7 | 144.3 | 153.2 | 154.9 | 158.6 | 156.1 | 150.7 | 150.7 | 161.6 | 149.9 | 158.2 | 141.6 | 130.3 | 136.7 | 143.9 | 139.3 | 142.1 |
| Aug-18 | 140.6 | 132.9 | 138.3 | 158.0 | 144.4 | 154.2 | 156.6 | 159.4 | 157.5 | 151.1 | 151.1 | 168.6 | 151.1 | 163.5 | 143.3 | 131.4 | 138.2 | 146.0 | 139.4 | 143.4 |
| Sep-18 | 140.2 | 133.0 | 138.1 | 158.4 | 144.8 | 154.6 | 157.7 | 159.3 | 158.2 | 152.0 | 152.0 | 176.4 | 152.0 | 169.3 | 146.1 | 131.5 | 139.8 | 147.4 | 139.6 | 144.4 |
| Oct-18 | 136.7 | 133.0 | 135.6 | 150.4 | 146.6 | 149.3 | 149.2 | 161.9 | 153.4 | 151.9 | 151.9 | 172.5 | 153.8 | 167.1 | 146.7 | 130.6 | 139.8 | 144.2 | 139.7 | 142.5 |
| Nov-18 | 132.7 | 133.4 | 132.9 | 149.5 | 146.2 | 148.6 | 146.9 | 162.9 | 152.2 | 152.1 | 152.1 | 174.2 | 156.8 | 169.2 | 142.7 | 130.3 | 137.4 | 141.0 | 140.0 | 140.6 |
| Dec-18 | 131.1 | 129.1 | 130.5 | 148.2 | 146.2 | 147.6 | 148.1 | 163.4 | 153.1 | 151.8 | 151.8 | 174.7 | 155.1 | 169.0 | 142.1 | 129.3 | 136.6 | 140.1 | 138.1 | 139.3 |
| Jan-19 | 129.1 | 128.3 | 128.9 | 148.9 | 145.5 | 148.0 | 1471 | 163.0 | 152.3 | 152.6 | 175.6 | 175.6 | 148.6 | 167.8 | 142.3 | 129.6 | 136.8 | 139.1 | 137.6 | 138.5 |
| Feb-19 | 130.7 | 128.3 | 130.0 | 148.4 | 147.7 | 147.6 | 146.2 | 163.3 | 151.8 | 152.4 | 152.4 | 172.5 | 151.0 | 166.3 | 141.8 | 129.1 | 136.3 | 139.5 | 137.6 | 138.8 |
| Mar-19 | 127.9 | 129.9 | 128.5 | 148.2 | 145.3 | 147.4 | 146.5 | 162.9 | 151.9 | 153.5 | 153.5 | 176.5 | 149.8 | 168.8 | 142.2 | 130.0 | 137.0 | 138.5 | 138.5 | 138.5 |
| Apr-19 | 128.6 | 134.7 | 130.4 | 148.6 | 145.6 | 147.8 | 147.0 | 163.7 | 152.5 | 153.2 | 153.2 | 173.7 | 150.0 | 166.8 | 142.3 | 130.1 | 137.1 | 138.6 | 140.3 | 139.3 |
| May-19 | 130.8 | 138.2 | 133.0 | 150.0 | 147.0 | 149.2 | 147.6 | 164.2 | 153.1 | 153.4 | 153.4 | 174.4 | 147.7 | 166.7 | 142.5 | 130.6 | 137.4 | 140.1 | 141.7 | 140.7 |
| Jun-19 | 135.5 | 141.2 | 137.2 | 152.3 | 148.9 | 151.4 | 148.2 | 164.4 | 153.5 | 152.9 | 152.9 | 171.8 | 147.6 | 164.8 | 142.5 | 130.6 | 137.4 | 142.5 | 142.7 | 142.6 |
| Jul-19 | 136.3 | 144.1 | 138.6 | 154.1 | 149.4 | 152.8 | 147.8 | 164.3 | 153.2 | 153.6 | 153.6 | 169.8 | 14637 | 163.1 | 142.2 | 131.5 | 137.6 | 142.6 | 144.1 | 143.2 |
| Aug-19 | 134.8 | 144.4 | 137.6 | 155.2 | 150.0 | 153.7 | 147.8 | 164.5 | 153.3 | 153.7 | 153.7 | 168.8 | 143.2 | 161.4 | 142.6 | 132.2 | 138.1 | 141.9 | 144.2 | 142.8 |
| Sep-19 | 135.7 | 143.2 | 137.9 | 156.3 | 150.2 | 154.6 | 147.3 | 164.2 | 152.9 | 154.4 | 154.4 | 171.9 | 146.1 | 164.4 | 143.4 | 132.8 | 138.8 | 142.8 | 144.3 | 143.4 |
| Oct-19 | 139.4 | 146.1 | 141.4 | 158.1 | 150.1 | 155.9 | 147.9 | 165.6 | 153.7 | 154.2 | 154.2 | 173.8 | 147.7 | 166.2 | 143.6 | 133.1 | 139.1 | 145.2 | 145.5 | 145.3 |
| Nov-19 | 141.0 | 148.7 | 143.3 | 160.8 | 150.1 | 157.8 | 148.2 | 166.0 | 154.1 | 154.2 | 154.2 | 172.9 | 148.3 | 165.8 | 143.6 | 133.0 | 139.0 | 146.1 | 146.5 | 146.3 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jan-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Feb-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Mar-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Apr-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| May-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jun-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Jul-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Aug-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Sep-20 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| Oct-20 | 157.5 | 164.2 | 159.5 | 198.1 | 171.5 | 190.7 | 160.7 | 172.6 | 164.6 | 154.8 | 154.8 | 175.6 | 154.1 | 169.4 | 153.6 | 140.7 | 148.1 | 160.0 | 155.7 | 158.3 |
| Nov-20 | 158.8 | 164.2 | 160.4 | 198.1 | 170.0 | 190.3 | 162.3 | 172.6 | 165.7 | 155.3 | 155.3 | 176.0 | 152.4 | 169.2 | 154.1 | 142.3 | 149.0 | 161.0 | 156.1 | 159.1 |
| Dec-20 | 153.5 | 160.0 | 155.4 | 199.2 | 171.3 | 191.4 | 163.1 | 174.2 | 166.8 | 155.1 | 155.1 | 180.6 | 160.3 | 174.7 | 155.0 | 143.4 | 150.0 | 159.0 | 155.5 | 157.6 |

source : www.mospi.gov.in

| मुद्रास्फीति भारत एवं छत्तीसगढ़– सीपीआई के अनु. (सीएसओ) संयुक्त | | | | | | | | | | | | | | | परिशिष्ट 4.3 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | माह | खाद्य एवं पेय | | मदक द्रव्य | | कपड़े एवं जूते | | भवन नि. (श.) | | ईधन एवं प्रकाश | | विविध | | सामान्य सूची | |
| | | भारत | छ.ग. | भारत | छ.ग. | भारत | छ.ग. | भारत | छ.ग. | भारत | छ.ग. | भारत | छ.ग. | भारत | छ.ग. |
| 2018 | जन. | 4.58 | 2.77 | 7.58 | 6.72 | 4.94 | 6.03 | 8.33 | 12.13 | 7.73 | 6.68 | 3.78 | 4.74 | 5.07 | 5.02 |
| 2018 | फर | 3.46 | 2.17 | 7.27 | 5.43 | 4.93 | 6.46 | 8.28 | 11.72 | 6.88 | 10.36 | 3.85 | 4.9 | 4.44 | 4.8 |
| 2018 | मार्च | 3.08 | 1.95 | 7.72 | 5.4 | 4.91 | 6.22 | 8.31 | 12.41 | 5.73 | 8.86 | 4.16 | 4.57 | 4.28 | 4.49 |
| 2018 | अप्रेल | 3.00 | 0.7 | 7.91 | 6.25 | 5.11 | 5.68 | 8.5 | 13.14 | 5.16 | 8.68 | 4.96 | 5.77 | 4.58 | 4.25 |
| 2018 | मई | 3.29 | 0.77 | 8.00 | 7.67 | 5.47 | 5.87 | 8.4 | 12.64 | 5.8 | 11.29 | 5.43 | 6.55 | 4.87 | 4.77 |
| 2018 | जून | 3.11 | 1.6 | 8.05 | 6.62 | 5.6 | 5.92 | 8.45 | 12.5 | 7.22 | 9.78 | 5.66 | 7.66 | 4.92 | 5.26 |
| 2018 | जुलाई | 1.73 | -4.04 | 6.28 | 6.17 | 5.28 | 5.12 | 8.3 | 12.38 | 7.96 | 10.55 | 5.8 | 8.15 | 4.17 | 2.45 |
| 2018 | अगस्त | 0.78 | -2.54 | 5.41 | 4.05 | 4.88 | 4.58 | 7.59 | 11.51 | 8.55 | 13.78 | 5.6 | 8.22 | 3.69 | 3.31 |
| 2018 | सित. | 1.01 | 0.29 | 5.57 | 2.79 | 4.64 | 3.4 | 7.07 | 10.47 | 8.63 | 15.09 | 5.65 | 8.54 | 3.7 | 4.79 |
| 2018 | अक्टू. | -0.14 | -2.24 | 6.07 | -0.2 | 3.55 | -1.54 | 6.55 | 9.44 | 8.55 | 10.88 | 6.73 | 8.2 | 3.38 | 2.52 |
| 2018 | नवं. | -1.69 | -6.34 | 6.14 | -0.54 | 3.46 | -2.56 | 5.99 | 6.96 | 7.24 | 10.59 | 6.15 | 5.94 | 2.33 | -0.35 |
| 2018 | दिस. | -1.49 | -4.04 | 5.77 | -4.22 | 3.52 | -1.54 | 5.32 | 4.76 | 4.54 | 9.24 | 6.45 | 4.35 | 2.19 | 0.22 |
| 2019 | जन. | 1.3 | | 5.6 | | 3 | | 5.2 | | 2.2 | | 6 | | 2.05 | |
| 2019 | फर. | -0.1 | | 5.5 | | 2.7 | | 5.1 | | 1.2 | | 6 | | 2.57 | |
| 2019 | मार्च | 0.7 | | 4.6 | | 2.6 | | 4.9 | | 2.4 | | 5.7 | | 2.86 | |
| 2019 | अप्रेल | 1.4 | | 4.3 | | 2 | | 4.8 | | 2.6 | | 5.1 | | 2.92 | |
| 2019 | मई | 2 | | 3.9 | | 1.8 | | 4.8 | | 2.5 | | 4.6 | | 3.05 | |
| 2019 | जून | 2.4 | | 4.1 | | 1.5 | | 4.8 | | 2.3 | | 4.4 | | 3.18 | |
| 2019 | जुलाई | 2.3 | | 4.8 | | 1.6 | | 4.9 | | -0.4 | | 4.7 | | 3.15 | |
| 2019 | अगस्त | 2.9 | | 5.1 | | 1.2 | | 4.8 | | -1.6 | | 4.8 | | 3.21 | |
| 2019 | सित. | 4.6 | | 4.6 | | 1 | | 4.7 | | -2 | | 4.5 | | 3.92 | |
| 2019 | अक्टू. | 6.9 | | 3.9 | | 1.6 | | -100 | | -2 | | 3.4 | | 4.69 | |
| 2019 | नवं. | 8.7 | | 3.3 | | 1.2 | | 4.4 | | -2.1 | | 3.7 | | 5.54 | |
| 2019 | दिस. | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | जन. | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | फर. | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | मार्च | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | अप्रेल | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | मई | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | जून | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | जुलाई | | | | | | | | | | | | | | |
| 2020 | अगस्त | 8.29 | | 11.22 | | 2.77 | | 3.10 | | 3.10 | | 6.99 | | 6.69 | |
| 2020 | सित. | 9.73 | | 10.81 | | 3.04 | | 2.83 | | 2.87 | | 6.89 | | 7.34 | |
| 2020 | अक्टू. | 10.16 | | 10.65 | | 3.17 | | 3.27 | | 2.28 | | 6.88 | | 7.61 | |
| 2020 | नवं. | 8.76 | | 10.36 | | 3.30 | | 3.19 | | 1.90 | | 6.94 | | 6.93 | |
| 2020 | दिस. | | | | | | | | | | | | | | |

source : www.mospi.gov.in

परिशिष्ट 4.4

अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक
कृषि श्रमिक एवं ग्रामीण श्रमिक

| माह | सीपीआई–एल | सीपीआई–आरएल |
|---|---|---|
| जनवरी 2018 | 895 | 901 |
| फरवरी 2018 | 889 | 896 |
| मार्च 2018 | 887 | 894 |
| अप्रैल 2018 | 888 | 896 |
| मई 2018 | 891 | 899 |
| जून 2018 | 894 | 902 |
| जुलाई 2018 | 902 | 910 |
| अगस्त 2018 | 907 | 915 |
| सितंबर 2018 | 910 | 915 |
| अक्टूबर 2018 | 913 | 920 |
| नवंबर 2018 | 914 | 921 |
| दिसंबर 2018 | 913 | 921 |
| जनवरी 2019 | 915 | 923 |
| फरवरी 2019 | 917 | 925 |
| मार्च 2019 | 924 | 932 |
| अप्रैल 2019 | 932 | 939 |
| मई 2019 | 940 | 948 |
| जून 2019 | 950 | 957 |
| जुलाई 2019 | 958 | 965 |
| अगस्त 2019 | 965 | 978 |
| सितंबर 2019 | 976 | 983 |
| अक्टूबर 2019 | 987 | 993 |
| नवंबर 2019 | 1000 | 1006 |
| दिसंबर 2019 | 1014 | 1019 |
| जनवरी 2020 | 1016 | 1021 |
| फरवरी 2020 | 1010 | 1016 |
| मार्च 2020 | 1007 | 1013 |
| अप्रैल 2020 | 1014 | 1019 |
| मई 2020 | 1019 | 1025 |
| जून 2020 | 1018 | 1024 |
| जुलाई 2020 | 1021 | 1028 |
| अगस्त 2020 | 1026 | 1033 |
| सितंबर 2020 | 1037 | 1043 |
| अक्टूबर 2020 | 1052 | 1057 |
| नवंबर 2020 | 1060 | 1065 |

source : http://labourbureaunew.gov.in

परिशिष्ट 4.5

**औद्योगिक श्रमिक की बिन्दु से बिन्दुवार मुद्रास्फीति दर (आधार वर्ष 2001=100), अखिल भारत**

| वर्ष | जन. | फर. | मार्च | अप्रे. | मई | जून | जुला. | अग. | सित. | अक्टू. | नवं. | दिस. | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011 | 9.30 | 8.82 | 8.82 | 9.41 | 8.72 | 8.62 | 8.43 | 8.99 | 10.06 | 9.39 | 9.34 | 6.49 | 8.87 |
| 2012 | 5.32 | 7.57 | 8.65 | 10.22 | 10.16 | 10.05 | 9.84 | 10.31 | 9.14 | 9.60 | 9.55 | 11.17 | 9.30 |
| 2013 | 11.62 | 12.06 | 11.44 | 10.24 | 10.68 | 11.06 | 10.85 | 10.75 | 10.70 | 11.06 | 11.47 | 9.13 | 10.92 |
| 2014 | 7.24 | 6.73 | 6.70 | 7.08 | 7.02 | 6.49 | 7.23 | 6.75 | 6.30 | 4.98 | 4.12 | 5.86 | 6.38 |
| 2015 | 7.17 | 6.30 | 6.28 | 5.79 | 5.74 | 6.10 | 4.37 | 4.35 | 5.14 | 6.32 | 6.72 | 6.32 | 5.88 |
| 2016 | 5.91 | 5.53 | 5.51 | 5.86 | 6.59 | 6.13 | 6.46 | 5.3 | 4.14 | 3.35 | 2.59 | 2.23 | 4.99 |
| 2017 | 1.86 | 2.62 | 2.61 | 2.21 | 1.09 | 1.08 | 1.79 | 2.52 | 2.89 | 3.24 | 3.97 | 4.00 | 2.49 |
| 2018 | 5.11 | 4.74 | 4.36 | 3.97 | 3.96 | 3.96 | 3.93 | 5.61 | 5.61 | 5.23 | 4.86 | 5.24 | 4.72 |
| 2019 | 6.60 | 6.67 | 7.67 | 8.33 | 8.65 | 8.59 | 5.98 | 6.31 | 6.98 | 7.62 | 8.61 | 9.63 | 7.63 |
| 2020 | 7.49 | 6.84 | 5.50 | 5.45 | 5.10 | 5.06 | 5.33 | 5.63 | 5.62 | 5.91 | 5.27 | | |

**छत्तीसगढ़: सीपीआई (औद्योगिक श्रमिक) आधार वर्ष 2001=100, केन्द्र भिलाई (छत्तीसगढ़)**

| वर्ष | जन. | फर. | मार्च | अप्रे. | मई | जून | जुला. | अग. | सित. | अक्टू. | नवं. | दिस. | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2010 | 174 | 174 | 175 | 175 | 176 | 179 | 183 | 183 | 181 | 181 | 187 | 190 | 179.8 |
| 2011 | 194 | 189 | 192 | 193 | 196 | 198 | 216 | 218 | 221 | 221 | 220 | 219 | 206.4 |
| 2012 | 228 | 228 | 229 | 235 | 237 | 239 | 246 | 249 | 250 | 250 | 250 | 250 | 240.9 |
| 2013 | 251 | 251 | 251 | 257 | 261 | 269 | 272 | 274 | 272 | 275 | 276 | 269 | 264.8 |
| 2014 | 267 | 268 | 268 | 270 | 274 | 277 | 284 | 282 | 284 | 284 | 285 | 284 | 277.3 |
| 2015 | 279 | 277 | 278 | 283 | 287 | 288 | 296 | 298 | 302 | 302 | 301 | 302 | 291.1 |
| 2016 | 293 | 292 | 297 | 301 | 306 | 310 | 313 | 313 | 312 | 313 | 313 | 308 | 302.9 |
| 2017 | 307 | 303 | 304 | 304 | 305 | 310 | 311 | 312 | 318 | 316 | 315 | NA | 309.5 |
| 2018 | 314 | 312 | 311 | 312 | 318 | 318 | 322 | 322 | 324 | 324 | 324 | NA | 318.27 |
| 2019 | 323 | 323 | 323 | 325 | 330 | 332 | 332 | 331 | 335 | 340 | 346 | NA | 330.90 |
| 2020 | 342 | 337 | 335 | 334 | 333 | 336 | 343 | 347 | 112 | 113 | | | |

**औद्योगिक श्रमिक की बिन्दु से बिन्दुवार मुद्रास्फीति दर की विकास दर (आधार वर्ष 2001=100) भिलाई (छत्तीसगढ़)**

| वर्ष | जन. | फर. | मार्च | अप्रे. | मई | जून | जुला. | अग. | सित. | अक्टू. | नवं. | दिस. | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2008 | 12.00 | 11.20 | 11.20 | 12.00 | 10.16 | 10.08 | 6.57 | 8.09 | 10.29 | 10.22 | 10.14 | 10.22 | 10.18 |
| 2009 | 7.86 | 8.63 | 8.63 | 10.00 | 10.64 | 11.27 | 12.33 | 14.29 | 13.33 | 13.91 | 13.82 | 13.25 | 11.50 |
| 2010 | 15.23 | 15.23 | 15.89 | 13.64 | 12.82 | 13.29 | 11.59 | 8.93 | 6.47 | 5.23 | 8.09 | 11.11 | 11.46 |
| 2011 | 11.49 | 8.62 | 9.71 | 10.29 | 11.36 | 10.61 | 18.03 | 19.13 | 22.10 | 22.10 | 17.65 | 15.26 | 14.70 |
| 2012 | 17.53 | 20.63 | 19.27 | 21.76 | 20.92 | 20.71 | 13.89 | 14.22 | 13.12 | 13.12 | 13.64 | 14.16 | 16.91 |
| 2013 | 10.09 | 10.09 | 9.61 | 9.36 | 10.13 | 12.55 | 10.57 | 10.04 | 8.80 | 10.00 | 10.40 | 7.60 | 9.94 |
| 2014 | 6.37 | 6.77 | 6.77 | 5.06 | 4.98 | 2.97 | 4.41 | 2.92 | 4.41 | 3.27 | 3.26 | 5.58 | 4.73 |
| 2015 | 4.49 | 3.36 | 3.73 | 4.81 | 4.74 | 3.97 | 4.23 | 5.67 | 6.34 | 6.34 | 5.61 | 6.34 | 4.97 |
| 2016 | 5.42 | 6.83 | 6.36 | 6.62 | 7.64 | 5.74 | 5.03 | 3.31 | 3.64 | 3.99 | 1.99 | 5.09 | 5.02 |
| 2017 | 4.78 | 3.77 | 2.36 | 1.00 | -0.33 | 0.00 | -0.64 | -0.32 | 1.92 | 0.96 | 0.64 | NA | 1.28 |

source : http://labourbureaunew.gov.in

परिशिष्ट 4.6

थोक विक्रय मूल्य (आधार वर्ष 2011–12)

| Month | सभी वस्तुएं | I प्रारंभिक वस्तुएं | II ईंधन एवं ऊर्जा | III उत्पादित वस्तुएं |
|---|---|---|---|---|
| | **100.0** | **22.6** | **13.2** | **64.2** |
| जन.–18 | 116.0 | 122.9 | 97.5 | 114.9 |
| फर.–18 | 116.1 | 128.0 | 98.8 | 115.5 |
| मार्च–18 | 116.3 | 128.2 | 98.0 | 115.8 |
| अप्रेल–18 | 117.3 | 130.7 | 99.0 | 116.3 |
| मई–18 | 118.3 | 131.4 | 102.4 | 116.9 |
| जून–18 | 119.1 | 132.5 | 104.4 | 117.3 |
| जुलाई–18 | 119.9 | 135.3 | 104.4 | 117.7 |
| अगस्त–18 | 120.1 | 135.2 | 104.9 | 117.8 |
| सित.–18 | 120.9 | 135.5 | 107.8 | 118.4 |
| अक्टू–18 | 122.0 | 137.2 | 111.3 | 118.9 |
| नवं–18 | 121.8 | 137.2 | 110.0 | 118.8 |
| दिस.–18 | 120.1 | 134.7 | 103.5 | 118.3 |
| जन.–19 | 119.2 | 134.5 | 99.3 | 117.9 |
| फर.–19 | 119.5 | 134.2 | 101.0 | 118.1 |
| मार्च–19 | 120.0 | 134.7 | 103.3 | 118.3 |
| अप्रेल–19 | 120.9 | 139.2 | 102.8 | 118.3 |
| मई–19 | 121.2 | 139.5 | 103.4 | 118.4 |
| जून–19 | 121.5 | 141.4 | 102.1 | 118.4 |
| जुलाई–19 | 121.2 | 142.1 | 100.6 | 118.1 |
| अगस्त–19 | 121.4 | 143.8 | 100.7 | 117.8 |
| सित.–19 | 121.3 | 143.0 | 100.2 | 117.9 |
| अक्टू–19 | 122.2 | 146.0 | 102.1 | 117.9 |
| नवं–19 | 122.3 | 147.3 | 101.3 | 117.8 |
| दिस.–19 | 122.8 | 148.8 | 101.3 | 118 |
| जन.–20 | 122.9 | 147.2 | 102.7 | 118.5 |
| फर.–20 | 122.2 | 143.1 | 103.9 | 118.7 |
| मार्च–20 | 121.1 | 139.5 | 100.7 | 118.7 |
| अप्रेल–20 | - | 138.2 | 92.4 | - |
| मई–20 | 117.5 | 137.3 | 80.3 | 118.2 |
| जून–20 | 119.3 | 140.9 | 85.6 | 118.6 |
| जुलाई–20 | 121.0 | 145.1 | 90.7 | 118.7 |
| अगस्त–20 | 122.0 | 146.7 | 92.0 | 119.4 |
| सित.–20 | 122.9 | 150.3 | 91.0 | 119.8 |
| अक्टू–20 | 123.8 | 129.7 | 91.1 | 120.3 |
| नवं–20 | | | | |
| दिस.–20 | | | | |

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के क्रियान्वयन से राज्य में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत रियायती दरों पर खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक वस्तुएं जनसाधारण, विशेषतः समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को प्रदाय किया जाता है। राज्य में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न, शक्कर, केरोसिन, नमक एवं चना आदि आवश्यक वस्तुएं उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से नियत दरों पर उपलब्ध करायी जाती है। राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का क्रियान्वयन नागरिक आपूर्ति निगम के 130 पीडीएस प्रदाय केन्द्र एवं 12,451 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से किया जा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रतिमाह लगभग 67.11 लाख राशन कार्डधारियों को पात्रतानुसार राशन सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

**4.2 उचित मूल्य दुकान** :– राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत नवंबर, 2020 की स्थिति में शहरी क्षेत्र में 1,302 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 11,149 कुल 12,451 उचित मूल्य दुकानें संचालित हैं। इनमें से सहकारी समितियों द्वारा 4,413 दुकान, ग्राम पंचायत द्वारा 4,011 दुकान, महिला स्व–सहायता समूह द्वारा 3,878 दुकान, वन सुरक्षा समितियों द्वारा 119 तथा नगरीय निकाय द्वारा 30 उचित मूल्य दुकान संचालित की जा रही हैं।

**4.3 छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012** : – प्रदेश के गरीब और जरूरतमंदों को भोजन का अधिकार सुनिश्चित करने तथा पात्रतानुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु स्वयं का खाद्य सुरक्षा कानून लागू करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के लागू होने के पूर्व खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम, 2012 राज्य में लागू किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के द्वारा राज्य की 78 प्रतिशत जनसंख्या अर्थात् 2 करोड़ लोगों को 5 किलो प्रति सदस्य के मान से खाद्यान्न की पात्रता निर्धारित की गई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत चावल की उपभोक्ता दर 3 रूपये प्रति किलो है, जबकि राज्य के खाद्य सुरक्षा कानून में अन्त्योदय एवं प्राथमिकता वाले 57.11 लाख परिवारों को 1 रूपये प्रति किलो की दर से तथा सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत सामान्य परिवार वाले 9.44 लाख परिवारों को 10 रूपए प्रति किलो की दर से चावल प्रदाय किया जा रहा है।

| तालिका क्र.4.2 योजनांतर्गत खाद्यान्न की पात्रता एवं दर | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र | परिवार का प्रकार | खाद्य पदार्थ | मासिक पात्रता | उपभोक्ता दर |
| 1 | अन्त्योदय परिवार | चावल | 35 कि.ग्राम प्रतिमाह | रू.1 प्रति कि.ग्रा. |
| | | चना | 2 कि.ग्रा. प्रति परिवार अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र में | रू.5 प्रति कि.ग्रा. |
| | | रिफाईन्ड आयोडाइज्ड नमक | अनुसूचित क्षेत्र में 2 किग्रा प्रति परिवार, गैर अनुसूचित क्षेत्र में 1 किग्रा प्रति परिवार | निःशुल्क |
| 2 | प्राथमिकता परिवार | चावल | 01 सदस्य वाले राशनकार्ड के लिए 10 कि.ग्रा. प्रति माह | रू.1 प्रति कि.ग्रा. |
| | | | 02 सदस्य वाले राशनकार्ड के लिए 20 कि.ग्रा. प्रतिमाह | |
| | | | 03 से 05 सदस्य वाले राशनकार्ड के लिए 35 कि.ग्रा. प्रतिमाह | |
| | | | 05 सदस्य से अधिक वाले राशनकार्ड में प्रति सदस्य 07 कि.ग्रा. प्रति माह | |
| | | चना | 2 कि.ग्रा. प्रति परिवार अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र में | रू.5 प्रति कि.ग्रा. |
| | | रिफाईन्ड आयोडाइज्ड नमक | अनुसूचित क्षेत्र में 2 किग्रा प्रति परिवार, गैर अनुसूचित क्षेत्र में 1 कि. ग्रा. प्रति परिवार | निःशुल्क |
| | अन्नपूर्णा परिवार | चावल | 10 कि.ग्रा. निःशुल्क व 25 कि.ग्रा. 1 रूपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह | 10 कि.ग्रा. निःशुल्क व 25 कि.ग्रा. 1 रूपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह |
| | | चना | 2 कि.ग्रा. प्रति परिवार अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा क्षेत्र में | रू. 5 प्रति कि.ग्रा. |
| | | रिफाईन्ड आयोडाइज्ड नमक | अनुसूचित क्षेत्र में 2 किग्रा प्रति परिवार, गैर अनुसूचित क्षेत्र में 1 किग्रा प्रति परिवार | निःशुल्क |
| 4 | एकल निराश्रित | चावल | 10 कि.ग्रा. प्रतिमाह | निःशुल्क |
| 5 | निःशक्तजन | चावल | 10 कि.ग्रा. प्रतिमाह | निःशुल्क |
| 6 | सामान्य परिवार | चावल | 01 सदस्य वाले राशनकार्ड के लिए 10 कि.ग्रा. प्रति माह | रू. 1 प्रति कि. ग्रा. |
| | | | 02 सदस्य वाले राशनकार्ड के लिए 20 कि.ग्रा. प्रतिमाह | |
| | | | 03 से 05 सदस्य वाले राशनकार्ड के लिए 35 कि.ग्रा. प्रतिमाह | |

टीपः—

- चने की पात्रता राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों एवं माडा क्षेत्रों में निवास करने वाले समस्त अन्त्योदय, अन्नपूर्णा तथा प्राथमिकता वाले राशनकार्डधारी परिवारों को है।
- उपरोक्त सामग्री के अतिरिक्त अन्त्योदय एवं प्राथमिकता परिवारों को प्रति राशनकार्ड 17 रू. प्रति किग्रा की दर से 1 किग्रा शक्कर की पात्रता है।
- बस्तर संभाग के जिलों में अंत्योदय, प्राथमिकता, अन्नपूर्णा, एकल निराश्रित एवं निःशक्तजन राशन कार्डधारियों को प्रतिमाह 02 किलो गुड़ 17 रू. प्रति किलो ग्राम की दर से प्रदाय किया जा रहा है।
- अन्त्योदय एवं प्राथमिकता परिवार वाले राशन कार्डधारियों को केरोसिन की पात्रता है।

**4.4 सार्वभौम सार्वजनिक वितरण प्रणाली (Universal PDS)** :—राज्य के सभी परिवारों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु सार्वभौम पीडीएस का शुभांरभ 02, अक्टूबर, 2019 से किया गया है। राज्य शासन द्वारा सार्वभौम सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्राथमिकता राशनकार्डों के खाद्यान्न पात्रता में वृद्धि के साथ—साथ सामान्य परिवारों के लिए भी सामान्य परिवार वाले राशनकार्ड जारी करते हुए खाद्यान्न पात्रता सुनिश्चित की गई है। सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत सामान्य परिवारों (आयकर दाता एवं गैर आयकरदाता) को भी खाद्यान्न की पात्रता होगी। वर्तमान में सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत सामान्य राशनकार्ड जारी किया जा रहा है। सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत राज्य की 98 प्रतिशत जनसंख्या को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है।

**4.5 राशनकार्ड** :—राज्य में छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम तथा सार्वभौम सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कुल 67.11 लाख राशनकार्ड प्रचलित हैं। इनमें से 14,02,812 अंत्योदय राशनकार्ड, 43,08,362 प्राथमिकता राशनकार्ड, 38,620 एकल निराश्रित राशनकार्ड, 6,109 अन्नपूर्णा राशनकार्ड, 10,513 निःशक्तजन राशनकार्ड तथा 9,44,702 सामान्य श्रेणी के राशनकार्ड प्रचलित हैं। इन राशनकार्डो में निर्धारित पात्रतानुसार प्रतिमाह राशन सामग्री प्रदाय की जा रही है। राशनकार्डों की योजनवार, जिलेवार जानकारी **तालिका 4.6** में दर्शित है।

**4.6 राशन सामग्री का आवंटन** :— सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्ष 2017—18, 2018—19, 2019—20 एवं 2020 में अप्रैल से नवंबर, 2020 तक खाद्यान्न आबंटन एवं उठाव की जानकारी निम्नानुसार है :—

**तलिका क्रमांक 4.3 सामग्रियों का वर्षवार उठाव (मात्रा मे. टन में)**

| क्र | सामग्री | वर्ष | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2017—18 | | 2018—19 | | 2019—20 | | 2020—21 (नवंबर) | |
| | | आबंटन | उठाव | आबंटन | उठाव | आबंटन | उठाव | आबंटन | उठाव |
| 1 | चावल | 2031775 | 1991882 | 2059058 | 2033280 | 2351136 | 2289683 | 1712228 | 1666961 |
| 2 | शक्कर | 63213 | 59244 | 68697 | 65719 | 68310 | 65066 | 45208 | 44649 |
| 3 | नमक | 97463 | 92448 | 97321 | 93679 | 57062 | 54495 | 63933 | 62553 |
| 4 | चना | 51037 | 49294 | 58048 | 54052 | 37018 | 35320 | 19927 | 19806 |






**4.7 कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य** –न्यूनतम समर्थन मूल्य कृषि उपज एवं मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों के आधार पर भारत सरकार के आर्थिक मामलों की केबिनेट समिति द्वारा घोषित किया जाता है। समर्थन मूल्य घोषित करने के समय उत्पादन मूल्य के साथ–साथ समग्र मांग एवं पूर्ति, घरेलू अंतर्राष्ट्रीय कीमतें, अंतर उपजीय समता एवं अर्थव्यवस्था पर मूल्य नीति के संभावित प्रभाव एवं उत्पादन के साधनों यथा–भूमि एवं जल का युक्तिपूर्ण उपयोग को भी CACP द्वारा ध्यान में रखा जाता है।

CACP एक विशेषज्ञ निकाय है, जिसकी अनुशंसाओं को भारत शासन द्वारा स्वीकार किया जाता है। विशेष परिस्थितियों में जैसे –किसी उपज का अधिक उत्पादन एवं किसी अन्य उपज के कम उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए अन्य उपजों के उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने हेतु प्रोत्साहन स्वरूप शासन द्वारा बोनस/प्रोत्साहन राशि भी दिया जाता है। वर्ष 2013–14 से 2020–21 तक खरीफ एवं रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य का विवरण तालिका क्र. 4.4 में दर्शित है।

**तालिका क्र. 4.4 समर्थन मूल्य रूपये प्रति क्विंटल**

| फसल/ किस्म | विपणन वर्ष | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 13–14 | 14–15 | 15–16 | 16–17 | 17–18 | 18–19 | 19–20 | 20–21 |
| धान सामान्य | 1310 | 1360 | 1410 | 1470 | 1550 | 1750 | 1815 | 1868 |
| धान ग्रेड–ए | 1345 | 1400 | 1450 | 1510 | 1590 | 1770 | 1835 | 1888 |
| गेंहू | 1350 | 1400 | 1450 | 1525 | 1625 | – | – | – |
| ज्वार | 1500 | 1530 | 1570 | 1625 | 1700 | 2430 | 2550 | 2640 |
| बाजरा | 1250 | 1250 | 1275 | 1330 | 1425 | 1950 | 2000 | 2150 |
| मक्का | 1310 | 1310 | 1325 | 1365 | 1425 | 1700 | 1760 | 1850 |
| रागी | 1500 | 1550 | 1650 | 1725 | 1900 | 2897 | 1760 | 3295 |
| अरहर | 4300 | 4350 | 4625(रू. 200 बोनस सहित) | 4625 | 5440(रू. 200 बोनस सहित) | 5675 | 5800 | 6000 |
| उड़द | 4300 | 4350 | 4625(रू. 200 बोनस सहित) | 4575 | 5400(रू. 200 बोनस सहित) | 5600 | 5700 | 6000 |
| मूंगफली | 4000 | 4000 | 4030 | 4120 | 4500 | 4890 | 5090 | 5275 |
| मूंग | 500 | 4600 | 4850(रू. 200 बोनस सहित) | 4800 | 5575(रू. 200 बोनस सहित) | 6975 | 7050 | 7196 |
| सोयाबीन | 2560 | 2560 | 2600 | 2675 | 3050(रू. 200 बोनस सहित) | 3399 | 3710 | 3880 |
| सूर्यमुखी | – | – | 3800 | 3850 | 4100(रू. 200 बोनस सहित) | 5388 | 5650 | 5885 |

छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कृषकों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए भारत शासन द्वारा घोषित मूल्य पर धान एवं मक्का का उपार्जन किया जाता है। राज्य में सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ तथा मक्का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा की जा रही है।




खरीफ वर्ष 2019–20 में 18.38 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर 83.95 लाख टन धान की खरीदी की गई थी। किसानों को 15,285.9 करोड़ रूपये धान का समर्थन मूल्य एवं राज्य शासन द्वारा जारी प्रोत्साहन का भुगतान किया गया है। इस वर्ष किसानों से 4,844.5 क्विंटल मक्का की खरीदी की गई तथा 85.26 लाख रूपये का भुगतान किया गया है।

खरीफ वर्ष 2020–21 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन 01 दिसम्बर, 2020 से 31 जनवरी, 2021 तक तथा मक्का उपार्जन 1 दिसम्बर, 2020 से 31 मई, 2021 तक किया जावेगा। इस खरीफ वर्ष में भारत शासन द्वारा धान का समर्थन मूल्य कॉमन धान हेतु 1,868 प्रति क्विंटल ,ग्रेड–ए धान हेतु 1,888 प्रति क्विंटल तथा मक्का हेतु 1,850 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है।

**4.8 धान खरीदी का कम्प्यूटरीकरण खाद्य विभाग द्वारा**– खरीफ वर्ष 2007–08 में धान खरीदी की समस्त व्यवस्था को कम्प्यूटरीकृत किया गया तथा प्रत्येक वर्ष धान खरीदी के अनुभव एवं आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु इसमें नियमित सुधार किया जा रहा है। वर्तमान खरीफ वर्ष में राज्य के 2310 धान खरीदी केन्द्रों में राज्य के किसानों से कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है।

इस खरीफ वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए 21.48 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी के लिए पंजीकृत किसानों का धान का रकबा अनुमानित उत्पादन आदि की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज किया गया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी का भुगतान उनके बैंक खाते में सीधे किया जा रहा है, जिससे किसानों को उनकी उपज का भुगतान तत्काल प्राप्त हो रहा है।

**4.9 सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता** :– सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण का कार्य वर्ष 2007 में प्रारंभ किया गया। वर्तमान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समस्त क्रियाकलाप का कम्प्यूटरीकरण किया जा चुका है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण हेतु सभी जिला खाद्य कार्यालयों को इंटरनेट के माध्यम से राज्य मुख्यालय से जोड़ा गया है। राशन सामग्री के आबंटन

हेतु राज्य की समस्त 12,451 उचित मूल्य दुकानों का डेटाबेस तैयार किया गया एवं उनसे संलग्न राशनकार्डों के आधार पर जनवरी, 2008 से कम्प्यूटर के माध्यम से खाद्य संचालनालय द्वारा दुकानवार राशन सामग्री का आबंटन जारी किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में 12,072 उचित मूल्य दुकान एंड्रायड आधारित टेबलेट के माध्यम से कम्प्यूटरीकृत किया गया है। उचित मूल्य दुकान स्तर तक कम्प्यूटरीकरण से राशनकार्डधारियों को राशन सामग्री वितरण की जानकारी ऑनलाईन उपलब्ध है। इस व्यवस्था से सार्वजनिक वितरण प्रणाली अधिक सुदृढ़ एवं पारदर्शी हुई है।

- **चावल उत्सव** :–राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन सामग्री के वितरण की नियमित निगरानी के लिए माह फरवरी, 2008 से चावल उत्सव प्रारंभ किया गया है। चावल उत्सव के लिए जिन गांवों में उचित मूल्य दुकान संचालित है तथा जहां साप्ताहिक हाट बाजार भी लगता है, वहां प्रत्येक माह की 06 तारीख के बाद लगने वाले प्रथम हाट बाजार के दिन चावल उत्सव का आयोजन होता है, तथा शेष उचित मूल्य दुकानें जिन गावों में संचालित हैं, वहां प्रत्येक माह की 07 तारीख को चावल उत्सव के आयोजन का प्रावधान है। इन उत्सव के दिन निर्धारित तिथि पर राशनर्काडधारी द्वारा राशन सामग्री प्राप्त की जा सकती है।

- **कॉल सेंटर** :–सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता तथा जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से खाद्य विभाग द्वारा जनवरी, 2008 से कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है, जिसका दूरभाष क्र. 1967 एवं 1800–233–3663 (टोल फ्री) है। इसके माध्यम से कोई भी नागरिक सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं खाद्य विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकता है तथा अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

- **जनभागीदारी वेबसाईट**:–जनभागीदारी वेबसाइट (https://khadya.cg.nic.in/citizen.citizenhome.aspx) राज्य शासन का एक नवीन प्रयोग है। कोई भी नागरिक इस वेबसाइट में अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकता है। पंजीयन कराने के बाद नागरिकों को ई–मेल के माध्यम से खाद्य विभाग से संबंधित शिकायत एवं सुझाव भेजने की सुविधा उपलब्ध हो जावेगी। इस पंजीयन के बाद नागरिकों द्वारा एस.एम.एस. के माध्यम से राशन दुकान की जानकारी हेतु पंजीयन किया जा सकता है।

- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के कम्प्यूटरीकरण हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार सहित नेशनल–ई गवर्नेंस अवार्ड, मंथन अवार्ड, ई–इंडिया अवार्ड, सी.एस.आई. ई–गवर्नेस अवार्ड, सी.एस.आईत्र निहिलेंट ई–गवर्नेंस अवार्ड प्राप्त हुए है।

| तालिका 4.5 सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों की एजेंसीवार संचालन की जानकारी | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रं | जिला | एजेंसी का प्रकार | | | | | योग | शहरी उ.मू. दु. की संख्या | ग्रामीण उ.मू. दु. की संख्या |
| | | सहकारी समिति | ग्राम पंचायत | महिला स्व–सहायता समूह | वन सुरक्षा समिति | नगरीय निकाय | | | |
| 1 | बस्तर | 90 | 192 | 125 | 5 | 2 | 414 | 48 | 366 |
| 2 | बीजापुर | 37 | 103 | 46 | 1 | 0 | 187 | 13 | 174 |
| 3 | दंतेवाड़ा | 75 | 50 | 19 | 0 | 0 | 144 | 19 | 125 |
| 4 | कांकेर | 108 | 205 | 131 | 8 | 0 | 452 | 25 | 427 |
| 5 | कोण्डागॉव | 48 | 197 | 78 | 17 | 0 | 340 | 15 | 325 |
| 6 | नारायणपुर | 20 | 70 | 15 | 1 | 0 | 106 | 8 | 98 |
| 7 | सुकमा | 48 | 97 | 18 | 2 | 1 | 166 | 12 | 154 |
| 8 | बिलासपुर | 269 | 206 | 156 | 2 | 1 | 634 | 141 | 493 |
| 9 | गौरेला पेंड्रा | 30 | 39 | 107 | 4 | 0 | 180 | 9 | 171 |
| 10 | जॉजगीर–चॉपा | 214 | 126 | 342 | 0 | 0 | 682 | 46 | 636 |
| 11 | कोरबा | 98 | 174 | 173 | 6 | 0 | 451 | 61 | 390 |
| 12 | मुंगेली | 68 | 127 | 187 | 2 | 0 | 384 | 16 | 368 |
| 13 | रायगढ़ | 54 | 413 | 368 | 9 | 1 | 845 | 77 | 768 |
| 14 | बालोद | 170 | 167 | 92 | 20 | 0 | 449 | 25 | 424 |
| 15 | बेमेतरा | 160 | 57 | 214 | 0 | 0 | 431 | 26 | 405 |
| 16 | दुर्ग | 252 | 75 | 221 | 0 | 1 | 549 | 249 | 300 |
| 17 | कवर्धा | 193 | 78 | 210 | 2 | 1 | 484 | 22 | 462 |
| 18 | राजनॉदगॉव | 300 | 155 | 410 | 6 | 0 | 871 | 71 | 800 |
| 19 | बलौदा बाजार | 404 | 83 | 163 | 0 | 0 | 650 | 28 | 622 |
| 20 | धमतरी | 260 | 72 | 54 | 0 | 7 | 393 | 33 | 360 |
| 21 | गरियाबंद | 295 | 43 | 4 | 0 | 0 | 342 | 8 | 334 |
| 22 | महासमुंद | 510 | 61 | 5 | 1 | 0 | 577 | 31 | 546 |
| 23 | रायपुर | 449 | 100 | 32 | 0 | 0 | 581 | 172 | 409 |
| 24 | बलरामपुर | 30 | 235 | 148 | 12 | 0 | 425 | 5 | 420 |
| 25 | जशपुर | 7 | 423 | 2 | 0 | 12 | 444 | 14 | 430 |
| 26 | कोरिया | 44 | 149 | 147 | 7 | 1 | 348 | 59 | 289 |
| 27 | सरगुजा | 102 | 112 | 259 | 10 | 2 | 485 | 57 | 428 |
| 28 | सूरजपुर | 78 | 202 | 152 | 4 | 1 | 437 | 12 | 425 |
| **योग** | | **4413** | **4011** | **3878** | **119** | **30** | **12451** | **1302** | **11149** |

| तालिका 4.6 सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डो की जानकारी | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रं | जिला | अंत्योदय राशनकार्ड | प्राथमिकता राशनकार्ड | एकल निराश्रित राशनकार्ड | अन्नपूर्णा राशनकार्ड | निःशक्तजन राशनकार्ड | सामान्य राशनकार्ड | योग |
| 1 | बस्तर | 46355 | 130014 | 619 | 193 | 43 | 20935 | 198159 |
| 2 | बीजापुर | 22611 | 35401 | 9 | 180 | 39 | 3020 | 61260 |
| 3 | दंतेवाड़ा | 28898 | 39756 | 86 | 124 | 359 | 5748 | 74971 |
| 4 | कांकेर | 34784 | 115411 | 354 | 112 | 209 | 25339 | 176209 |
| 5 | कोण्डागॉव | 33061 | 90128 | 459 | 107 | 8 | 10804 | 134567 |
| 6 | नारायणपुर | 16522 | 13330 | 74 | 180 | 31 | 3943 | 34080 |
| 7 | सुकमा | 29590 | 37799 | 73 | 56 | 15 | 2118 | 69651 |
| 8 | बिलासपुर | 87977 | 284396 | 3694 | 212 | 543 | 68533 | 445355 |
| 9 | गौरेला पेंड्रा | 28137 | 73299 | 320 | 121 | 96 | 5677 | 107650 |
| 10 | जॉजगीर–चॉपा | 84332 | 325353 | 4344 | 260 | 1072 | 56229 | 471590 |
| 11 | कोरबा | 53311 | 189762 | 2038 | 236 | 121 | 38088 | 283556 |
| 12 | मुंगेली | 50098 | 139317 | 1270 | 150 | 225 | 11609 | 202669 |
| 13 | रायगढ़ | 94873 | 255361 | 3082 | 474 | 186 | 61363 | 415339 |
| 14 | बालोद | 29232 | 130282 | 891 | 177 | 826 | 31791 | 193199 |
| 15 | बेमेतरा | 39995 | 142578 | 3415 | 379 | 286 | 28779 | 215432 |
| 16 | दुर्ग | 69904 | 222652 | 2098 | 249 | 2424 | 129238 | 426565 |
| 17 | कवर्धा | 62843 | 152409 | 907 | 125 | 56 | 20276 | 236616 |
| 18 | राजनॉदगॉव | 70981 | 264935 | 800 | 307 | 348 | 47852 | 385223 |
| 19 | बलौदा बाजार | 54115 | 243592 | 2514 | 177 | 670 | 42869 | 343937 |
| 20 | धमतरी | 43612 | 121665 | 774 | 263 | 196 | 30649 | 197159 |
| 21 | गरियाबंद | 45493 | 113862 | 1190 | 170 | 386 | 15179 | 176280 |
| 22 | महासमुंद | 50628 | 218736 | 2649 | 233 | 1083 | 41556 | 314885 |
| 23 | रायपुर | 59730 | 318071 | 3007 | 277 | 906 | 128660 | 510651 |
| 24 | बलरामपुर | 54240 | 113292 | 760 | 284 | 40 | 21471 | 190087 |
| 25 | जशपुर | 54312 | 137272 | 797 | 147 | 82 | 23580 | 216190 |
| 26 | कोरिया | 39820 | 99446 | 464 | 194 | 75 | 28181 | 168180 |
| 27 | सरगुजा | 62905 | 159410 | 936 | 471 | 111 | 22736 | 246569 |
| 28 | सूरजपुर | 54453 | 140833 | 996 | 251 | 77 | 18479 | 215089 |
| **योग** | | **1402812** | **4308362** | **38620** | **6109** | **10513** | **944702** | **6711118** |